Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

## ➢ नगर परिषद झालावाड़ के सभापति के लिए कनिष्ठ सहायक एवं प्राईवेट व्यक्ति 30,000/— रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक, 04.08.2025 सोमवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की झालावाड़ चौकी द्वारा आज कार्यवाही करते हुये श्री संजय शुक्ला सभापति नगर परिषद झालावाड़ के कहे अनुसार आकाश कलोसियां कनिष्ठ सहायक एवं अजय कुमार प्राईवेट व्यक्ति को परिवादी से **30,000/— रूपये** रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि ए.सी.बी. की झालावाड़ चौकी को परिवादी द्वारा दिनांक 21.07.2025 को शिकायत दी गई कि, प्रार्थी की गांव मुण्डेरी में भूमि स्थित है, जिसका खसरा नम्बर 380 है, को पर्यटन ईकाई भवन (मोटेल) में कन्वर्जन पट्टा की फाईल नगर परिषद झालावाड़ में गत् 4 वर्षों से पेण्डिग पड़ी है। जिसकी पॉवर ऑफ अटोर्नी मेरे नाम है, जिसकी 90क कार्यवाही सहित आयुक्त महोदय के हस्ताक्षर व समस्त राशि जमा करवा रखी है। जिस पर पट्टा जारी करने के लिये सभापति श्री संजय शुक्ला के हस्ताक्षर होना शेष है। उक्त फाईल पर हस्ताक्षर के लिये परिवादी सभापति संजय शुक्ला से मिला तो उन्होने हस्ताक्षर करने के लिये 50,000/— रूपये की मांग की गई, जिस पर रिश्वत मांग का सत्यापन करवाने पर परिवादी के हाथाजोड़ी करने पर आरोपी श्री संजय शुक्ला सभापति द्वारा 40,000/—रूपये कागज पर लिखकर परिवादी को बताया, परन्तु परिवादी ने सभापति से कहा कि मैं 30,000/— रूपये ही दूंगा। इस पर सभापति द्वारा श्री आकाश कनिष्ट सहायक से मिलने के लिये कहां गया। परिवादी फिर आरोपी आकाश कलोसियां से मिला तो उसने कहां कि मेरे पास सभापति का कॉल आया था, उन्होने 40,000/—रूपये की कहां है, मैं सभापति श्री संजय शुक्ला से पूछकर उनके बतायेनुसार व्यक्ति को रूपये दिलवाउंगा। परिवादी द्वारा कार्यालय में पेश सबूत के अनुसार, रिश्वत मांग सत्यापन प्रमाणित पाया गया।

जिस पर आज दिनांक 04.08.2025 को ट्रेप कार्यवाही का आयोजन कर ए.सी.बी. कोटा रेंज कोटा के **उप महानिरीक्षक पुलिस— द्वितीय श्री आनन्द शर्मा** एसीबी जयपुर के सुपरवीजन में ए.सी.बी. झालावाड़ चौकी की **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रेरणा शेखावत** द्वारा मय टीम के कार्यवाही करते हुए आरोपीगण श्री संजय शुक्ला सभापति नगर परिषद झालावाड़ के लिए आकाश कलोसियां कनिष्ठ सहायक ने परिवादी को अजय कुमार मारवाड़ा टैन्ट हाउस को 30,000/— रूपये रिश्वत राशि दिलवाई, जिस पर श्री अजय कुमार प्राईवेट व्यक्ति को रंगे हाथो पकड़ा गया।

आरोपी से पूछताछ तथा आरोपी के घर की तलाशी की कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।